SUBJECT : GEOGRAPHY

CLASS: B.A. Part Ist (Hons.), PAPER: IInd, UNIT: Vth

TOPIC : NEPAL -(नेपाल)

BY:- Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geo., D.B. College, Jaynagar, L.N.M.U. Darbhanga.

LECTURE No. 24 (Email: sanjaykumar.phd@gmail.com)

- राजधानी - काठमांडू
- क्षेत्रफल - लगभग 1,47,181 वर्ग किमी.
- जनसंख्या - 2.89 करोड़

नेपाल की सीमा पश्चिम, दक्षिण और पूर्व में भारत से तीन ओर से घिरी हुई है तथा उत्तर में तिब्बत (चीन) को स्पर्श करती है। यह भारत एवं चीन के मध्य एक प्रतिरोधी राज्य (Buffer State) के रूप में स्थित है। इस प्रकार यह स्थल आबद्ध (Land Locked) देश भी है। नेपाल 26°20' से 30°10' उत्तरी अक्षांश और 80°15' से 88°10' पूर्वी देशांतर के मध्य विस्तृत है।

⇒ भौतिक स्वरूप -

- नेपाल का धरातल बहुत विषम है। इसका तीन चौथाई भाग पर्वतीय है। सामान्यतया इसे तीन भौतिक इकाइयों में बाँटा जा सकता है। इसका दक्षिणी भाग निम्न उच्चावच वाला मैदान है, जिसे तराई प्रदेश कहते हैं। यह प्रदेश 50-250मी. ऊँचा एक चौरस मैदान है।
- विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) वृहत हिमालय श्रेणी में देश के उत्तरी भाग में नेपाल-तिब्बत सीमा पर स्थित है, जिसे नेपाल में सागरमाथा के नाम से जानते हैं।
- यहाँ वृहत् हिमालय के दक्षिण में मध्य हिमालय की महाभारत श्रेणी है। यहाँ मध्यम ऊँचाई की पहाड़ियाँ, काठमाण्डू व अन्य घाटियाँ विस्तृत हैं। काठमांडू घाटी महाभारत श्रेणी एवं वृहत हिमालय के मध्य स्थित है। शिवालिक श्रेणी के उत्तर में स्थित लघु हिमालय श्रेणी को महाभारत लेख के नाम से जाना जाता है। महाभारतलेख तथा चूरे श्रेणी के मध्य अनेक घाटियाँ हैं।

Scanned with CamScanner

- नेपाल में पश्चिम से पूर्व की ओर तीन प्रमुख नदी प्रणालियां हैं-
नेपाल की नदी प्रणालियाँ :- → करनाली या घाघरा क्रम
→ गण्डक क्रम
→ कोसी क्रम

- नेपाल की नदियों के उद्गम स्थल हिमालय में हैं, जो दक्षिण की ओर बहती हुई भारत में प्रवेश करके गंगा से मिल जाती हैं। नेपाल की नदियां पूर्ववर्ती नदियों के उदाहरण हैं।
- नेपाल के तराई प्रदेश के पूर्वी भाग में कोसी नदी प्रवाहित होती है एवं यह प्रदेश कौशिकी प्रदेश कहलाता है। नेपाल का मध्य भाग गण्डकी प्रदेश एवं पश्चिमी भाग करनाली प्रदेश के नाम से जाना जाता है। बागमती नदी काठमांडू की घाटी में प्रवाहित होती है।

⇒ जलवायु

- नेपाल की जलवायु पर उसकी भू-आकृति का गहरा प्रभाव पड़ा है। यहाँ की जलवायु शीत प्रधान है। तराई को छोड़कर सर्वत्र निम्न तापमान पाया जाता है। तापमान दक्षिण से उत्तर अर्थात तराई क्षेत्र से उच्च हिमालय श्रेणियों की ओर घटता जाता है तथा वर्षा पूर्व से पश्चिम की ओर घटती जाती है।
- काठमांडू घाटी में जलवायु ग्रीष्म ऋतु में कोष्ण और शीत ऋतु में ठंडी होती है। यहाँ का औसत तापमान 32°C रहता है, परन्तु जनवरी में ठण्ड पड़ती है और औसत तापमान 10°C तक गिर जाता है। काठमांडू का औसत वार्षिक तापमान 18°C रहता है।

⇒ कृषि

- नेपाल एक कृषि प्रधान देश है, जहां कुल क्षेत्रफल के लगभग 16% क्षेत्र पर कृषि किया जाता है। नेपाल का 40% कृषिगत क्षेत्र पूर्वी तराई क्षेत्र में स्थित है, यहां निर्वाहक कृषि तथा पशुपालन प्रमुख व्यवसाय है। नेपाल की लगभग 80% जनसंख्या कृषि कार्य में संलग्न है।

Scanned with CamScanner

- यहां सिंचाई की सुविधाएं सीमित हैं, इसलिए यहाँ की कृषि मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। चावल, मक्का, गेहूं, ज्वार-बाजरा और जौ यहाँ की प्रमुख फसलें हैं। नेपाल की प्रमुख नकदी फसलें गन्ना, तिलहन, तम्बाकू, आलू और पटसन है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्म मसाले और छोटी इलायची की खेती होती है।

⇒ उद्योग

- नेपाल औद्योगिक दृष्टि से एक पिछड़ा देश है। विगत दशकों में कृषि तथा वनों पर आधारित उपभोक्ता उद्योग का विकास हुआ है। पर्यटन नेपाल का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्योग है, जो विदेशी मुद्रा अर्जित करने का प्रमुख स्रोत है। संगठित उद्योगों में देश की केवल 10% कार्यशील जनसंख्या संलग्न है।

⇒ जनसंख्या

- नेपाल में जनसंख्या का वितरण अत्यंत असमान है। यहां की नदी घाटियों और तराई क्षेत्रों में जनसंख्या सघन है। काठमांडू की घाटी में देश की 40% जनसंख्या निवास करती है। नेपाल विश्व के सबसे गरीब देशों में से एक है, जहां लगभग 49% लोग अत्यंत गरीबी की स्थिति में जीवन निर्वाह को विवश है।

- नेपाल के अधिकांश निवासी इण्डो-नेपाली प्रजाति के हैं तथा 20% नेपाली-तिब्बती प्रजाति से सम्बंधित है। नेपाली, नेवार, शेरपा, गोरखा तथा भोटिया यहां की प्रमुख नृजातियां हैं। देश की 88% नेपाल में जनसंख्या हिन्दू तथा शेष बौद्ध व मुस्लिम हैं।

— x — x — x —

Scanned with CamScanner